भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3070

उत्तर देने की तारीख : 06.08.2026

राजस्थान में एमएसएमई

3070. श्री राहुल कस्वां :

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान चूरू और हनुमानगढ़ जिलों सहित राजस्थान में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की संख्या कितनी है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा चूरू और हनुमानगढ़ जिलों सहित राजस्थान में एमएसएमई के विकास के लिए जारी की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान चूरू और हनुमानगढ़ जिलों में एमएसएमई के माध्यम से सृजित रोजगार के अवसरों की संख्या कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा चूरू और हनुमानगढ़ जिलों में एमएसएमई की वृद्धि और स्थानीय रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान राज्य के चूरू और हनुमानगढ़ जिलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल (यूआरपी) और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) पर पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की संख्या निम्नानुसार है:-

यूआरपी और यूएपी पर पंजीकृत एमएसएमई की कुल संख्या			
राज्य/जिला	**वित्त वर्ष 2023-24**	**वित्त वर्ष 2024-25**	**वित्त वर्ष 2025-26**
राजस्थान	11,28,798	12,46,652	10,45,305
चुरू	29,336	36,698	24,378
हनुमानगढ़	26,512	34,783	23,602

(ख) : सरकार ने राजस्थान राज्य सहित पूरे देश में एमएसएमई के लिए वित्तीय सहायता में वृद्धि करने के लिए कई पहलें की हैं। राजस्थान राज्य के साथ-साथ इसके चूरू और हनुमानगढ़ जिलों में कार्यान्वित की जा रही प्रमुख स्कीमों का विवरण निम्नानुसार है:-

(i) सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएस):

सीजीएस-अनुमोदित गारंटियां-राजस्थान						
राज्य/जिला	**वित्त वर्ष 2023-24**		**वित्त वर्ष 2024-25**		**वित्त वर्ष 2025-26**	
	अनुमोदित गारंटियों की संख्या	**अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में)**	**अनुमोदित गारंटियों की संख्या**	**अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में)**	**अनुमोदित गारंटियों की संख्या**	**अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में)**
राजस्थान	85,848	9,180	1,20,424	13,865	1,22,758	21,308
चुरू	2,539	197	1,904	184	2,638	384
हनुमानगढ़	1,665	184	2,146	182	2,625	329

(ii) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई मार्जिन मनी (एमएम) और सहायता प्राप्त इकाइयों (यूए) का विवरणः

राज्य	वित्त वर्ष 2023-24			वित्त वर्ष 2024-25			वित्त वर्ष 2025-26		
	सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या	मार्जिन मनी (करोड़ रुपए में)	अनुमानित सृजित रोजगार	सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या	मार्जिन मनी (करोड़ रुपए में)	अनुमानित सृजित रोजगार	सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या	मार्जिन मनी (करोड़ रुपए में)	अनुमानित सृजित रोजगार
राजस्थान	1,678	124.06	13,424	916	72.48	7,328	1,655	122.76	13,240
चुरू	32	1.65	288	13	0.72	117	28	1.79	252
हनुमानगढ़	17	0.92	153	10	0.59	90	29	1.65	261

(ग) : यूएपी और यूआरपी के अनुसार, विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान राज्य के साथ-साथ इसके चूरू और हनुमानगढ़ जिलों में एमएसएमई द्वारा रिपोर्ट किया गया कुल रोजगार संबंधी विवरण निम्नानुसार हैः-

यूआरपी और यूएपी पर रिपोर्ट किए गए कुल रोजगार			
राज्य/जिला	वित्त वर्ष 2023-24	वित्त वर्ष 2024-25	वित्त वर्ष 2025-26
राजस्थान	35,42,857	44,53,162	52,21,074
चुरू	71,131	96,727	83,976
हनुमानगढ़	66,893	95,491	1,10,998

(घ) : एमएसएमई मंत्रालय सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएस), आत्म-निर्भर भारत (एसआरआई) फंड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यम परिवर्तन के लिए हरित निवेश और वित्त पोषण (एमएसई-गिफ्ट), चक्रीय अर्थव्यवस्था में संवर्धन और निवेश संबंधी स्कीम (स्पाइस), एमएसएमई के कार्यनिष्पादन में वृद्धि एवं गतिवर्धन (रैम्प), सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), खरीद और विपणन सहायता (पीएमएस), उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी), एमएसएमई चैंपियंस, पीएम विश्वकर्मा, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, टूल रूम, प्रौद्योगिकी केंद्र प्रणाली कार्यक्रम, (टीसीएसपी) और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हब (एनएसएसएच) आदि जैसी क्रेडिट, इक्विटी वित्त पोषण, प्रौद्योगिकी, अवसंरचनात्मक विकास, बाजार तक पहुंच, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में राजस्थान राज्य के चुरू और हनुमानगढ़ जिलों सहित पूरे देश में एमएसएमई के संवर्धन और सहायता के लिए विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करता है।

*****